प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 25.10.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश विदेश के लोगों के साथ साझा करेंगे अपने विचार : आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित होगा कार्यक्रम।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज नोएडा इंटरनेशनल हवाई अड्डे के शुभारंभ की तैयारियों का लिया जायजा : कहा– प्रदेश के विकास का प्रतीक बनेगा यह एयरपोर्ट।
3. लोक आस्था और सूर्योपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ आज से हुआ शुरू : प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं, प्रदेश भर में श्रद्धालुओं के लिए किए गए व्यापक इंतजाम। और
4. देव दीपावली पर वाराणसी में गंगा के घाटों पर प्रज्ज्वलित होंगे 25 लाख दीये : पर्यटकों के लिए थ्रीडी प्रोजेक्शन मैपिंग और भव्य लेजर शो का किया जाएगा आयोजन।

——————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 127वीं कडो होगी। यह कार्यक्रम पूरे आकाशवाणी और

दूरदर्शन नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा।

इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चनलों पर भी किया जाएगा।

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज ग्रेटर नोएडा में नोएडा इंटरनेशनल हवाई अड्डे की तैयारियों का जायजा लिया और एयरपोर्ट का हवाई सर्वेक्षण भी किया। मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट के बोर्ड रूम में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड और एयरपोर्ट निर्माण एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। इस दौरान, श्री योगी ने कहा कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रदेश के विकास का प्रतीक बनेगा, इसलिए निर्माण कार्यों में गुणवत्ता, समयबद्धता और समन्वय सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। पेश है एक रिपोर्ट.....

*नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्‌घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रस्तावित है। उद्‌घाटन कार्यक्रम को लेकर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने आज एयरपोर्ट के विभिन्न हिस्सों का भ्रमण करते हुए कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। मुख्यमंत्री ने जल्द सभी कार्य पूरे करने के निर्देश दिए। विशाल धर दूबे, आकाशवाणी समाचार, गौतमबुद्धनगर।*

—————————

लोक आस्था और सूर्योपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ आज से नहाय खाय के साथ शुरू हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छठ पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएँ दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने व्रत रखने वाले सभी श्रद्धालुओं के भक्ति भाव को नमन किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छठ पर्व को लेकर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

बाइट.....

*सूर्योपासना और लोक आस्था के महापर्व छठ की आप सभी को हार्दिक बधाई। रौवा सब पर छठी मैया की कृपा बनल रहे। परिवार खातिर कठिन व्रत रखे वाली माता और बहन लोगन के हमारी तरफ से विशेष मंगल कामना। छठ महापर्व प्रकृति, श्रद्धा और अनुशासन का एक अनुपम संगम है। सूर्योपासना के माध्यम से यह हमें जीवन में प्रकाश, ऊर्जा और संतुलन का संदेश देता है। यह पर्व केवल पूजा नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक आत्मा का उत्सव है।*

——————————

छठ पर्व को लेकर लखनऊ, वाराणसी, गोरखपुर सहित कई जनपदों में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। नदियों और तालाबों के घाटों की साफ–सफाई की गयी है। प्रशासन की तरफ से सुरक्षा और साफ सफाई के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। लखनऊ के लक्ष्मण मेला घाट पर श्रद्धालुओं के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं। मेरठ के नगर आयुक्त सौरव गंगवार ने बताया कि छठ पूजा को लेकर नगर निगम

ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। गोरखपुर में भी छठ घाटों पर तैयारियां तेज हो गई हैं। पेश है एक रिपोर्ट––

*छठ महापर्व का उल्लास गोरखपुर जिले में देखने को मिल रहा है। नहाए खाए से आज छठ की शुरुआत हो चुकी है। सोमवार को डूबते हुए सूर्य व मंगलवार को उगते हुए सूर्य को अर्घ्य होगा। इसको लेकर बाजारों में काफी भीड़ है छठ पूजन को लेकर लोग फलों की खरीदारी कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ तमाम जगहों पर कृत्रिम छठ घाट बनाने के साथ–साथ यहां बेदी बनाने का भी कार्य तेजी से चल रहा है। गिरीश नारायण चौबे, आकाशवाणी समाचार, गोरखपुर।*

————————

रेलवे की तरफ से छठ पूजा के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए लगभग 6 हजार 181 विशेष रेलगाडियां चलाई जाएँगी। रेल मंत्रालय ने बताया कि अगले तीन दिन में नौ सौ से अधिक विशेष रेलगाडियां चलाई जाएंगी। रेलवे ने बताया कि यात्रियों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बिहार और उत्तर प्रदेश के 30 प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त कोच लगाए गए हैं और मौसम–रोधी होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं। वाराणसी के उत्तर रेलवे के अपर मंडल रेल प्रबंधक बृजेश यादव ने बताया कि होल्डिंग एरिया में यात्रियों के लिए पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध है। बाइट.....

*अभी हमने स्टेशन पर अतिरिक्त आरपीएफ का और कमर्शियल के स्टाफ का डिप्लॉयमेंट किया है ताकि पैसेंजर्स को सुविधाजनक तरीके से उनको ट्रेन बोर्ड कराया जा सके। प्लेटफार्मों पर कभी कभार भीड़ ज्यादा हो जाती है तो प्लेटफार्म की भीड़ को डायवर्ट करने के लिए हमने यहां पर एक*

*होल्डिंग एरिया का प्रावधान कर रखा है। इसमें अगर कभी भीड़ ज्यादा होती है, होल्डिंग एरिया में आराम कर सकते हैं।*

लखनऊ में रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए सुरक्षा और चिकित्सा सहायता के विशेष इंतजाम किए हैं। एक रिपोर्ट.....

*छठ पूजा के मद्देनजर भारतीय रेल यात्रियों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रख रहा है। सफर को आसान बनाने के लिए पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल आज 17 विशेष रेलगाड़ियां प्रदेश के विभिन्न स्टेशनों से चला रहा है। स्टेशनों पर चिकित्सा सहायता बूथ भी लगाए गए हैं ताकि बीमार यात्रियों को उचित सहायता प्रदान की जा सके। उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में चारबाग रेलवे स्टेशन पर कमांड व कंट्रोल सेंटर बनाया गया है। मुमताज़ अली आकाशवाणी समाचार, लखनऊ।*

——————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

प्रदेश में चल रही फॉर्मर रजिस्ट्री अभियान में सीतापुर जिला राज्य में पहले स्थान पर है। अब तक यहां 74 प्रतिशत किसानों का पंजीकरण पूर्ण हो चुका है। बस्ती दूसरे और रामपुर 70 प्रतिशत रजिस्ट्री के साथ तीसरे

स्थान पर है। राज्य स्तर पर अब तक लगभग 54 प्रतिशत किसानों की रजिस्ट्री पूरी हो चुकी है। 1 अप्रैल 2026 से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की अगली किस्त केवल उन्हीं किसानों को मिलेगी, जिनकी रजिस्ट्री पूरी हो चुकी है।

---

**वस्तु और सेवा कर बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 सितंबर को इसकी घोषणा की थी। जीएसटी सुधारों को लेकर वाराणसी में लोगों ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। बीमा सलाहकार राकेश सिंह ने बताया कि जीएसटी में कमी के बाद बीमा क्षेत्र में उछाल आया है। बाइट...**

*धनतेरस 1300 नवरात्रि में जीएसटी का लोगों ने काफी हद तक जो है फायदा उठाया जिसमें विशेष तौर से अगर आप बीमा सेक्टर को देखें फ्रेंड्स कंपनियों में एक बूम आया चाहे वह जीवन बीमा हो चाहे स्वास्थ्य बीमा हो तो एक तरीके से कहा जा सकता है कि जीएसटी घटने से एक मार्केट में जो रफ्तार थी वह रफ्तार दिखी है जो है।*

---

**देव दीपावली पर वाराणसी में गंगा नदी के किनारे 25 लाख दिए जलाए जाएंगे। इसमें 10 लाख दीये राज्य सरकार की ओर से, जबकि बाकी दीप घाटों की स्थानीय समितियों द्वारा जलाए जाएंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटन विभाग द्वारा 03 से 05**

नवम्बर  तक काशी के चेतसिंह घाट और गंगा द्वार पर अत्याधुनिक 3 प्रोजेक्शन मैपिंग एवं लेजर शो का भव्य आयोजन किया जाएगा। गंगापार क्षेत्र में 10 मिनट तक ग्रीन  फायर क्रैकर्स शो का आयोजन किया जाएगा। देव दीपावली को लेकर गंगा घाटों की साफ–सफाई व सौंदर्यीकरण का काम तेजी से चल रहा है।

—————————

जनपद हापुड़ के गढ़मुक्तेश्वर में लगने वाले कार्तिक पूर्णिमा गंगा मेले को लेकर एडीजी मेरठ जोन भानु भास्कर ने आज तैयारियों का जायजा लिया और अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैठक की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए.। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मेले को लेकर सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं। बाइट.....

*पूरे प्रदेश से हम लोगों ने फोर्स को यहां पर लाया है। फोर्स को लाकर बड़ी संख्या में फोर्स है। बीएससी है, सीपीएमएफ है, आरआरएफ है, एसडीआरएफ है, एनडीआरएफ है। हमारे फायर सर्विसेज की बहुत बड़ी टीम है। हमारे कम्युनिकेशन सर्विसेज की बहुत बड़ी टीम है। यह सारी टीमें जो है इसलिए लगाई गई है ताकि हम श्रद्धालु जो हमारे सबसे इंपॉर्टेंट केंद्र के रूप है। उनको अच्छी अनुभूति करा सके।*

—————————

प्रदेश भर में 31 अक्टूबर को लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वी जयंती मनाए जाने को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री

धर्मपाल सिंह ने आज उन्नाव में समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर समस्त विधानसभाओं एवं जनपद स्तरीय पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा।

प्रयागराज में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने कहा कि सरदार पटेल की जयंती पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा।

(समाप्त)